हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## प्लास्टिक फैक्ट्री में आग काबू पाने फायर ब्रिगेड की टीम को छह घंटे जूझना पड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा थाना क्षेत्र के आमासिवनी स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में गुरुवार आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री में रखी मशीनों के साथ सभी रॉ मटेरियन जलकर राख हो गया है। पांच फायर ब्रिगेड के साथ दो निजी कंपनी की दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना सुबह 10.22 बजे मिली। शाम साढ़े चार बजे के करीब आग पर काबू पाया जा सका। इसके साथ ही कूलिंग करने में ढाई घंटे का समय लग गया।

महालेखाकार कार्यालय के पीछे कंवल प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगने की घटना हुई। सुबह सवा दस बजे के करीब फैक्ट्री से धुंआ उठते देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह फैक्ट्री महालेखाकार कार्यालय के पीछे स्थित है। सुबह ▶▶|शेष पेज 17 पर

### इसलिए आग बेकाबू हुई

फैक्ट्री में आग बेकाबू होने का प्रमुख कारण फैक्ट्री के अंदर बड़े पैमाने पर प्लास्टिक तथा प्लास्टिक बनाने में इस्तेमाल कैमिकल का आग की चपेट में आना है। फैक्ट्री में लगी आग के काले धुंए का गुबार काफी दूर तक दिखाई दे रहा था। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने पहले दो गाड़ी लेकर मौके पर पहुंची थी। आग के बेकाबू होने पर तीन और गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं। बावजूद इसके आग के बेकाबू होने की स्थिति में एक निजी कंपनी की दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बैकअप के लिए बुलाई गईं थीं।

### महिला यात्री की तबीयत बिगड़ने के कारण उत्पन्न हुई मेडिकल इमरजेंसी

## कोलकाता से पुणे जाने वाली फ्लाइट की रायपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोलकाता से पुणे जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6E-135 को एक महिला यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण गुरुवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी के तहत उतारा गया। विमान दोपहर लगभग 12:00 बजे रायपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उड़ान के दौरान एक महिला यात्री अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद विमान चालक दल ने तत्काल मेडिकल सहायता के लिए रायपुर एयरपोर्ट एटीसी से संपर्क साधा एवं रायपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का निर्णय लिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा विमान के लैंड होते ▶▶|शेष पेज 17 पर



### होगा संयुक्त मॉक ड्रिल

*वहीं गुरुवार को ही स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में संभावित विमान अपहरण के संबंध में सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एयरोड्रम कमेटी की बैठक आयोजित की गई। विमान पत्तन निदेशक योगेश नगाईच द्वारा आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता छग शासन गृह सचिव नेहा चंपावत ने की। बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, स्थानीय पुलिस प्रशासन, एयरलाइंस प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान हवाई अड्डे* ▶▶|शेष पेज 17 पर







जीवेत शरदः शतम्
01 मई
आदरणीय बड़े भैय्या एवं मार्गदर्शक
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
(सांसद- लोकसभा रायपुर)
एवं
युवाओं के प्रेरणा श्रोत एवं बुलंद हौसले के धनी
मा. सोनू तिवारी जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती ममता सोनू तिवारी
पार्षद-भक्त माता कर्मा वार्ड,
वार्ड क्र. 67 नगर निगम रायपुर
विनीत : समस्त वार्डवासी भक्त माता कर्मा वार्ड, वार्ड क्र. 67 रायपुर

## खबर संक्षेप

### दीपक अध्यक्ष, प्यारेलाल सचिव महेश लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर के सत्र 2026-27 के लिए पदाधिकारियों का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी ला. सुनील गुप्ता एवं ला. डॉ. निरंजन हरितवाल ने महेंद्र मित्तल की अध्यक्षता में बुधवार को सामान्य बैठक ली। बैठक में लायन सदस्यों की उपस्थिति के साथ निम्न पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से लिया गया। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि लायंस क्लब रायपुर सीनियर का अध्यक्ष दीपक प्रताप सिन्हा को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव प्यारेलाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रथम अरविंद चौबे, उपाध्यक्ष द्वितीय- ला. दिवाकर अवस्थी, सहसचिव- ला. राजकुमार शर्मा, एलसीआईएफ चेयर पर्सन एमजेएफ संतोष गुप्ता, चेयर पर्सन सर्विस सुनील गुप्ता, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर सुनील गुप्ता, मेंबरशिप चेयर पर्सन गजानंद अग्रवाल, चेयरपर्सन मार्केटिंग सचिन भँवरे, टेलट्विस्टर आनंद अग्रवाल, टेल टेमर प्रेमनारायण गुप्ता को बनाया गया।

### जनगणना कार्य में अनुपस्थित 44 कर्मियों को शोकॉज नोटिस

**रायपुर।** नगर निगम के विभिन्न विभागों के 44 कर्मचारी जनगणना प्रशिक्षण एवं ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए। निगम आयुक्त और प्रमुख जनगणना अधिकारी विश्वदीप ने इन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में बाधा पहुंचाने और निर्देशों की अवहेलना के कारण इन्हें नोटिस जारी किया गया है। उपायुक्त जनगणना जसबीर सिंह बाबरा ने कहा कि जनगणना कार्य से इनकार करना या इसमें बाधा डालना अधिनियम 1948 की धारा के तहत दंडनीय अपराध है।

# 18 रोड जंक्शन में बदलेगी ट्रैफिक की चाल, रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी को जिम्मा

**9 करोड़ रुपए खर्च होंगे, तीन स्थानों पर काम शुरू, डिवाइडर सुधार, फ्री लेफ्ट टर्न, सुगम आवागमन के लिए बना रहे रोटरी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण डेढ़ दर्जन चौराहों की दशा सुधरेगी। यहां पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने फ्री लेफ्ट टर्न, रोटरी का निर्माण, डिवाइडर में सुधार, सड़क यातायात में बाधक बन रहे स्ट्रीट पोल, बिजली के ट्रांसफार्मर को वहां से हटाकर सुरक्षित जगह पर शिफ्टिंग कराई जाएगी। यही नहीं, दिशा सूचक शेड लगाया जाएगा। इसके साथ ही आइसलैंड के निर्माण का कार्य कराया जाएगा। रायपुर नगर निगम ने राजधानी के डेढ़ दर्जन चौराहों का चिन्हांकन कर ऑनलाइन टेंडर करते हुए रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। इस कार्य में 9 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

दरअसल, मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत 18 रोड जंक्शन के विकास का कार्य कराया जा रहा है। अनुबंधित एजेंसी ने तीन स्थानों पर कार्य शुरू कर दिया है। ये तीन स्थान हैं शंकर नगर चौपाटी के पास वाला चौराहा, लोधीपारा स्थित अवंति बाई चौक और खम्हारडीह थाना के सामने वाला चौक जहां कि अनुबंधित एजेंसी इन दिनों विशाल रोटरी का निर्माण करा रही है। 20 माह की समय अवधि में 18 रोड जंक्शन के कार्य को पूरा करने की समय सीमा तय है।




**इन स्थानों का चयन, यातायात का दबाव होगा कम**

- आनंद नगर चौक
- अनुपम नगर चौक
- शहीद भगत सिंह चौक
- बंजारी बाबा मजार-मोतीबाग चौक
- भारत माता चौक
- भारत माता चौक शंकर नगर सिविल लाइन
- फाफाडीह चौक
- जयस्तंभ चौक
- कालीबाड़ी चौक
- खम्हारडीह थाना चौक
- खजाना चौक
- लाखे नगर चौक
- लोधीपारा अवंति बाई चौक
- महिला थाना चौक
- राजीव गांधी मूर्ति के पास , सुभाष स्टेडियम चौक
- तेलीबांधा थाना के पास मेक इन इंडिया स्कॉवयर
- शास्त्री चौक
- शारदा चौक

## ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद निगम के साथ ट्रैफिक अमला नहीं करता फॉलोअप

# दुकान के बाहर सामान निकालने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे पाठ पीछे सपाट, ऐसे में जाम से कैसे मिलेगी मुक्ति?

**शहर के प्रमुख व्यावसायिक मार्ग पर दुकानदार सड़क के दोनों किनारे सामान बाहर निकाल कर करते हैं कारोबार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

राजधानी को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने ट्रैफिक पुलिस के साथ नगर निगम अमला सड़क पर अवैध कब्जा कर सामान निकाल कर बिक्री करने वालों के खिलाफ अचानक सक्रिय होकर कार्रवाई करता है। कार्रवाई करने के बाद किसी तरह से फॉलोअप नहीं किया जाता। इसका फायदा उठाकर कारोबार करने वाले अपनी दुकान का सामान फिर सड़कों पर फैलाकर कारोबार करते हैं। आगे पाठ पीछे सपाट की तर्ज पर कार्रवाई करने का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है।

शहर के ज्यादातर प्रमुख व्यावसायिक मार्गों पर दुकानदार दुकान के बाहर सामान निकालकर बिक्री करते हैं। इसके कारण 20 फीट की सड़क 12 से 15 फीट में सिमट जाती है। इसके साथ ही दुकान में सामान लेने जाने वाले लोग अपने वाहन सड़क पर पार्क करने मजबूर होते हैं। सड़क पर गाड़ी पार्क होने से सड़क की चौड़ाई आधे से कम होकर रह जाती है। दुकान से बाहर सड़क पर सामान निकालकर बेचने का कार्य फुटकर कारोबार करने वाले कारोबारी करते हैं।

### कंकाली पारा चौक के पास रह-रहकर जाम

कंकाली पारा चौक, तात्यापारा चौक, पुरानी बस्ती थाना चौक के साथ सदर बाजार, आजाद चौक को जोड़ने प्रमुख चौराहा है। इस चौराहा से हल्के माल वाहक वाहन के साथ सभी तरह की गाड़ियों की पूरे दिन आवाजाही होती है। सत्ती बाजार जाने वाला मार्ग बेहद संकरा है। सत्ती बाजार तथा आजाद चौक जाने के मार्ग के दुकान संचालक अपने दुकान के सामान रोड के बाहर निकाल देते हैं। इसके कारण कंकाली पारा चौक के पास पूरे दिन रह-रहकर जाम की स्थिति निर्मित होती है।



### इन मार्गों से कार से जाना नामुमकिन

दुकान के बाहर सामान निकालकर बेचने वालों की वजह से कार चालक एवरग्रीन चौक मार्ग से मालवीय रोड, चिकनी मंदिर से गोल बाजार के साथ पेटी लाइन में आवाजाही करने से बचते हैं। पेटी लाइन की हालत तो ऐसी है कि वहां रोड पर सामान निकालने तथा पूरे दिन हल्के माल वाहक वाहनों की आवाजाही की वजह से दोपहिया वाहन से आवाजाही करने में लोगों को परेशानी का सामना करने के साथ जाम से जूझना पड़ता है।

**सतत कार्रवाई करने की जरूरत**

सड़क पर सामान निकालकर या सड़क पर बेजा कब्जा कर दुकानदारी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने की जरूरत है। जानकार इसके लिए नगर निगम के साथ ट्रैफिक पुलिस की एक अलग से निगरानी टीम का गठन किए जाने की बात कह रहे हैं। निगरानी टीम द्वारा प्रमुख व्यावसायिक मार्गों की नियमित मॉनटरिंग करने के साथ जो सड़क पर दुकान के बाहर सामान निकालते हैं या सड़क पर कब्जा कर कारोबार करते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जरूरत है।

### कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

सड़क पर सामान निकालने वाले कारोबारियों के खिलाफ नगर निगम अमला ट्रैफिक पुलिस की मदद से कार्रवाई जरूर करता है, लेकिन सामान जब्ती करने के बाद मामूली जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ देता है। कार्रवाई के दो तीन दिन बाद स्थिति सामान्य रहती है। इसके बाद कारोबारी एक दूसरे को देख कर अपना सामान पुनः सड़क पर निकालकर बेचने लगते हैं।

### खामियाजा वाहन मालिकों को भुगतना पड़ता है

सड़क पर सामान निकालकर दुकानदारी करने वालों की वजह से कार, बाइक से सामान खरीदने जाने वाले वाहन मालिकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। सामान खरीदने जाने वाले लोग अपनी गाड़ी सड़क पर पार्क कर देते हैं, ऐसी स्थिति में ट्रैफिक पुलिस के जवान गाड़ी की फोटो खींच कर आईटीएमएस में अपलोड कर देते हैं। गाड़ी मालिक के पास नो पार्किंग में गाड़ी पार्क करने के आरोप में तीन सौ रुपए जुर्माना पटाना पड़ता है।

## बिजनेस साइट

### ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडमी में वरिष्ठ शिक्षिकाओं को भावभीनी विदाई



**रायपुर।** ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में लंबे समय तक सेवाएं देने वाली चार वरिष्ठ शिक्षिकाओं के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों, प्रबंधन समिति और स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्षा मंजू शांडिल्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा राजगोर ने शिक्षिकाओं के 30 वर्षों के समर्पण, सेवा और योगदान को रेखांकित करते हुए उनके शिक्षण कार्यों की सराहना की। समारोह के दौरान शिक्षकों ने गीत-संगीत और संस्मरणों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अंत में सेवानिवृत्त शिक्षिकाएं रीमा बक्शी, नीलम विजरा, कनीज सिद्दिकी और शोभा श्रीनिवास को स्मृति-चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डायरेक्टर प्रियंका शांडिल्य भी उपस्थित रहीं।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में पं. हरिशंकर शुक्ला स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** शंकर नगर स्थित पं. हरिशंकर शुक्ला इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल ने बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कक्षा 5वीं में लेखिका शर्मा ने 91.50% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जिज्ञासु निषाद और मानसी प्रजापति ने संयुक्त रूप से 88.50% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मोहम्मद निजामुद्दीन 87% अंकों के साथ तृतीय रहे। कक्षा 8वीं में सौम्य केसरवानी ने 95.33% अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में उपासना निराला 90.8% और कक्षा 12वीं में आराध्या शुक्ला 88% अंक के साथ प्रथम रहीं। संस्था के चेयरमैन सुशील शुक्ला और सचिव आकाश गर्ग शुक्ला ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया।



## खबर संक्षेप



### पूर्णिमा पर अखंड श्री मानस पाठजारी

**रायपुर।** वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर में वैशाख पूर्णिमा पर परंपरा के अनुसार श्रीरामचरितमानस का आखंड पाठ का शुभारंभ गुरुवार को किया गया और पूर्णाहुत 24 घंटे बाद शुक्रवार को होगी। पाठ का शुभारंभ मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनसाहू और सोमनाथ निषाद ने की। दीनदयाल साहू, राजकुमार धीवर, मुक्ति साहू किशोर साहू बाबूलाल साहू, नीलकंठ सारथी, किशोर साहू आदि का मानस पाठ में विशेष योगदान मिल रहा है। इस अवसर पर मानस प्रेमी सोमनाथ निषाद ने सुंदरकांड का रोचक और स्वर पाठ करके श्रोताओं को मुग्ध किया। किशोर गुरुजी ने मानस के अनेक चौपाइयों की व्याख्या करके भक्ति का जीवन का आधार बताया।

### शराब दुकान के समीप मिला युवक का शव

**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नायकबांधा निवासी एक युवक का शव शराब दुकान के पास मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान टिकेश्वर साहू (38 वर्ष), पिता शंकरलाल साहू के रूप में हुई है। पुलिस और एफएसएल की टीम मामले की विस्तृत जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने देशी-अंग्रेजी शराब दुकान के पास टिकेश्वर का शव देखा, जिसकी सूचना तत्काल अभनपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम और एफएसएल विशेषज्ञों ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्राथमिक जांच और भौतिक परिस्थितियों को देखते हुए अत्यधिक शराब का सेवन और भीषण गर्मी को मौत का संभावित कारण माना जा रहा है।

**घर में रहता था अकेला:** बताया जा रहा है कि टिकेश्वर नायकबांधा स्थित अपने पैतृक घर में अकेला रहता था। उसके भाई और माँ वर्तमान में नया रायपुर के उपरवारा गांव में अपनी बहन के घर रह रहे हैं, जिनका समय-समय पर नायकबांधा आना-जाना होता था। पड़ोसियों के अनुसार, टिकेश्वर पिछले एक-दो दिनों से गाँव में नजर नहीं आ रहा था। एक ओर जहाँ पुलिस इसे लू और अत्यधिक शराब से जुड़ी मौत मान रही है, वहीं मृतक के परिजनों ने इस पर संदेह व्यक्त किया है। घर वालों का कहना है कि टिकेश्वर शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ था। अभनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सिलयारी चौकी क्षेत्र बनानशा व अपराध का गढ़

**कूंरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवां के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने क्षेत्र में लगातार बढ़ते नशे और आपराधिक गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सिलयारी चौकी अंतर्गत आने वाले गांवों में अवैध नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे ग्रामीणों के बीच भय और असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कई स्थानों पर युवाओं के समूह खुलेआम सार्वजनिक स्थलों, तालाब किनारे जुआ खेलने एवं शराब सेवन जैसी गतिविधियों में संलग्न देखे जा सकते हैं। इन घटनाओं से आम नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बुजुर्ग, अत्यंत परेशान और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### निधन : प्रेमलाल साहू

**तरपोंगी।** खैरखूंट निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेमलाल साहू 82 वर्ष का 29 अप्रैल को रात्रि निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे सरपंच यशोदा साहू के ससुर व हुलास राम, गुनुराम, यशवंत साहू के पिता थे। अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।



# भूजल स्तर गिरा, हैंडपंप सूखे व टाइम नल से राहत नहीं, पानी के लिए मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

भीषण गर्मी और तेजी से गिरते भू-जल स्तर ने शहर में जल संकट को विकराल रूप दे दिया है। जिन हैंडपंपों से कभी आसपास के लोग अपनी प्यास बुझाते थे, आज वहीं से सिर्फ हवा निकल रही है। कई वार्डों में हैंडपंप सूख जाने से लोग पीने के पानी के लिए दूर-दराज क्षेत्रों का रुख करने को मजबूर हैं। पानी की एक-एक बूंद के लिए जद्दोजहद कर रहे लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिससे पूरे शहर में हाहाकार की स्थिति बन गई है।

नगर पालिका के द्वारा हजारों सार्वजनिक नल और घरों में कनेक्शन दिए गए हैं । जिसमें दो टाइम पानी छोड़ा जाता है। इन नलों की भी धार अब पतली हो चली है। जिन लोगों ने कनेक्शन लीला रखा है उन्होंने बताया कि 10 से 15 मिनट पानी आता है उसके बाद नल बंद हो जाता है। कम पानी आने का चार-पांच बाल्टी ही पानी मिल पाता है।

नगर पालिका के द्वारा टैंकरो से मोहल्ले में पानी तो पहुंचाया जा रहा है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। लोगों का आरोप है कि पहले टैंकर वींआईपी लोगो के घरो में जाता है। उसके बाद पालिका प्रशासन की मर्जी के अनुसार टैंकर भेजा जाता है। कुछ लोगों ने तस्वीर भेज कर हरभूमि को अवगत कराया है,उनका कहना है कि एक तरफ पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है दूसरी तरफ नगरपालिका के टैंकरों को निजी निर्माण कार्य के लिए भेजा जा रहा हैं।

## पेयजल के लिए करनी पड़ रही लंबी यात्रा, टाइम नल में 15-20 मिनट ही पानी मिल रहा

### आगामी दिनों में समस्या होगी विकराल

ऐसे जब से तिल्दा क्षेत्र इंडस्ट्रीज एरिया घोषित हुआ है तब से लगातार पानी की समस्या बढ़ती जा रही हैव उससे भी बड़ी समस्या यह है कि जो तालाब शहर के जीवन दानी माने जाते थे उन तालाबों पर लोगों ने कब्जा कर लिया है जिसके कारण तालाब डबरी बन गए और गर्मी आते ही पूरी तरह से सूख जाते हैं। जिस तेजी के साथ शहर में पानी का भूजल नीचे जा रहा है यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा।



### टैंकरों से पानी भेजा जाएगा

इस संदर्भ में नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा से जब चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे आए अभी 7 दिन हुए हैं। मैं खुद वार्ड मोहल्ले में जाकर पानी की समस्या को लेकर लोगों से रूबरू होकर चर्चा करूंगा और प्राथमिकता के आधार पर जहां जरूरत है वहां निश्चित रूप से टैंकर के माध्यम से पानी भेजा जाएगा। रहस्यवान निर्माण कार्यों में नगर पालिका के टैंकर दिए जाने की बात तो इस और विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हो रहा है तो गलत है इस पर रोक लगाई जाएगी ।

## महिलाओं ने जताया आक्रोश, जिंदा जला दो या फांसी पर लटकाओ

# खुशियों के बीच दरिंदगी, शादी में आई मासूम से दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जहां शादी समारोह में शामिल होने आई एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई है। खुशी का माहौल कुछ ही पलों में दर्द और दहशत में बदल गया। ये खबर तिल्दा थाना के बहेसर गाव की है, जो दिल को झकझोर देती है। बच्ची जब घर के बाहर खेल रही थी तभी एक दरिंदे ने उसे अगवा कर लिया और सुनसान जगह में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बाद में उसका गला दबाकर हत्या की कोशिश की। गला दबाने से मासूम बेहोश हो गई , आरोपी उसे मरा समझकर मौके से फरार हो गया और फिर घर में आकर सो गया।

- आरोपी ने बच्ची को गला दबाकर मारने की कोशिश की

गंभीर रूप से घायल बच्ची को जब होश आया तो वह दर्द से कराहने लगी। मासूम की आवाज सुनकर घर लोग वहां पहुंचे और लहुलहान अवस्था पड़ी बच्ची को उठाकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर बच्ची को रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की स्थिति गंभीर है, लेकिन खतरे से बाहर है। इधर घटना के बाद गाव में आक्रोश फैल गया। लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुँचकर आरोपी को गिरप्तार करने की मांग करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी राजकुमार वर्मा को हिरासत में लेकर सीधे थाना ले आई।


पूछताछ में उसने जुर्म कबुल लिया । लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को थाना से दूसरी जगह लेकर रवाना हो गई। देररात आरोपी को वापस थाना लाया गया ,पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।



### घटनास्थल सील

वहीं सुबह 11 बजे फॉरेंसिक की टीम ने मौके का मुआयना किया और जब्ती आदि की कार्रवाई की। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। उधर जब फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस गांव पहुंची तो महिलाएं आक्रोशित हो गईं और आरोपी को उनको देने की मांग करने लगी। महिलाओं ने कहा कि आरोपी को फांसी दे या हमारे हवाले करें, हम उसे जिंदा जलाएंगे। इस मामले में डीएसपी वीरेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी राजकुमार के विरुद्ध पास्को के साथ नियमानुसार सभी धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है और मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा।

# सीजीबीएसई 10वीं में जेबी स्कूल की पल्लवी का कमाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा क्षेत्र के जे. बी. पब्लिक स्कूल ने इस बार भी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में जे. बी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है । विद्यालय की छात्रा पल्लवी साहू ने 93.83 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया।वहीं याशिका बिदलानी ने 92.66 प्रतिशत और रूपाली वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार सफलता हासिल की।इसके अलावा लकी ध्रुव, पुष्कर वर्मा, काव्या वर्मा, पूरब निषाद और काशिश पात्रे ने भी बेहतरीन अंक प्राप्त किएइस वर्ष विद्यालय का कुल औसत परिणाम 70.86 प्रतिशत रहा जबकि 80 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की।

खास बात यह रही कि RTE योजना के अंतर्गत पढ़ाई कर रहे छात्र पूरब निषाद ने 81.33 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सातवां स्थान प्राप्त कियायह सफलता यह साबित करती है कि संसाधनों की कमी के बावजूद मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। विषयवार प्रदर्शन की बात करें तो - सामाजिक विज्ञान में 98 अंक का उच्चतम स्कोर दर्ज हु।जबकि गणित, अंग्रेजी, विज्ञान और हिंदी में भी कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्या प्रमोदा परीदा और शिक्षकगणों ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल, ध्यान और नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान दिया जाता है ।

# अभनपुर विकासखंड का बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक प्रदर्शन

**अभनपुर।** विकासखंड अभनपुर ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धि दर्ज की है। 10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। इस वर्ष परिणामों में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो क्षेत्र की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में विकासखंड के कुल 2314 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 2063 विद्यार्थी सफल रहे। इस तरह सफलता प्रतिशत 89.15 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 22 प्रतिशत अधिक है। परिणामों में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 1191 रही, जबकि 777 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी और 93 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में सफलता हासिल की।



विशेष उपलब्धि यह रही कि विकासखंड के 10 विद्यालयों ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर अपनी गुणवत्ता सिद्ध की। वहीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 1574 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 1470 विद्यार्थी सफल रहे। इस तरह सफलता प्रतिशत 93.39 दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 12 प्रतिशत अधिक है। प्रथम श्रेणी में 58.7 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की, जबकि 37.2 प्रतिशत विद्यार्थियों ने द्वि तीय श्रेणी और 60 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विकासखंड के चार विद्यालयों ने 100 प्रतिशत परिणाम देकर विशेष उपलब्धि अर्जित की। इसके अलावा कई विद्यालयों ने गणित एवं विज्ञान संकाय में भी शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों को कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्राचार्यों के नेतृत्व और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी अभनपुर विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## किरना की छात्रा संजना 10वीं में ब्लाक में प्रथम

**सिलयारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरना के लिए गर्व का क्षण तब आया जब कक्षा 10वीं की छात्रा संजना साहू ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि तिल्दा ब्लॉक एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि की खबर मिलते ही पूर्व जनपद सदस्य डॉ. चिमन साहू, एसएमडीसी सदस्य संतोष साहू एवं संदीप यदु सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गांव सरपंच जनार्दन वर्मा ,विद्यालय के प्राचार्य आईपी सर, आरिफ सर, रेखा चंद्रवंशी मैडम, शुक्ला मैडम, रेड्डी मैडम, कौशिक सर सहित समस्त स्टाफ ने छात्रा की मेहनत और लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं, जिसका परिणाम इस प्रकार की उत्कृष्ट उपलब्धियों के रूप में सामने आता है। इसी क्रम में कक्षा 12वीं के छात्र मनोज कुमार साहू ने 77.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# गांधी स्कूल में 10वीं-12वीं का परीक्षाफल रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता की नई मिसाल पेश की है। कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं श्रेष्ठ मार्गदर्शन के बल पर छात्रों ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं के 55 विद्यार्थियों में से 40 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से, इनमें से 16 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत 42 विद्यार्थियों में से 36 ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। 18 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**मेधावी विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास**

विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा दसवीं में नगर पालिका आरंग में प्रथम स्थान पर नितिज्ञ शर्मा ने 97.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर साक्षी कनौजे ने 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर रिदा फातिमा ने 94.16 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।



इसी क्रम में चतुर्थ स्थान पर मोक्ष चंद्राकर ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित किए। पंचम स्थान पर आहना नेताम ने 91.66 प्रतिशत, षष्ठम स्थान पर वंदिता साहू ने 90.66 प्रतिशत तथा सप्तम स्थान पर दिव्या साहू ने 90.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के होनहार एवं शुरुआत से ही महत्वाकांक्षी छात्र नितिज्ञ शर्मा ने 97.16% अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम गौरवान्वित किया। मात्र 2 अंकों से छत्तीसगढ़ की टॉप-10 सूची में स्थान बनाने से चूक गए, फिर भी उनका यह उत्कृष्ट प्रदर्शन बेहद सराहनीय है। कक्षा बारहवीं का प्रदर्शन इस प्रकार रहा - प्रथम स्थान पर युवराज कोर ने 91.80% अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जिन्होंने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किए। वहीं द्वितीय स्थान पर निशिका तंबोली ने 91.60% अंक प्राप्त किए।

# मंदिरहसौद की छात्रा मानसी टंडन ने 12वीं में किया टाप

**आरंग\ मंदिर हसौद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में आरंग विकासखंड ने सफलता का परचम लहराया है। क्षेत्र की होनहार छात्राओं और ग्रामीण स्कूलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंदिरहसौद की बारहवीं की छात्रा मानसी टंडन ने वाणिज्य संकाय में 96.40% अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान हासिल किया है। मानसी की इस बड़ी उपलब्धि से पूरे आरंग क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों और परिजनों ने इसे मानसी की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम बताया है। सफलता की गूंज केवल मंदिरहसौद तक सीमित नहीं रही। शासकीय हाई स्कूल बकतरा के कक्षा 10वीं के सभी 32 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर एक मिसाल पेश की है। ग्रामीण अंचल के एक सरकारी स्कूल का ऐसा शानदार परिणाम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विकासखंड में आए इन बेहतर परिणामों के पीछे जिला प्रशासन की 'ऑपरेशन उत्कर्ष' योजना का बड़ा हाथ माना जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के सतत मॉनिटरिंग और मार्गदर्शन ने शिक्षकों व छात्रों में नया उत्साह भरा है। नियमित टेस्ट, विशेष कक्षाओं और प्रशासनिक सहयोग से शिक्षा के स्तर में सुधार देखने को मिला है।विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्रबुद्ध जनों ने शुभकामनाएं दी हैं, जिनमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन, प्राचार्य मंदिरहसौद शिवपाल सिंह चंद्रा, प्राचार्य बकतरा के वी. रेवती, समन्वयक गण दीनदयाल साहू, प्रदीप चंद्राकर आदि ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गुल्लू स्कूल के 10वीं-12वींका परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं के कुल 43 छात्र-छात्राओं में से 35 प्रथम श्रेणी, 08 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बारहवीं के कुल 33 छात्र-छात्राओं में से 18 प्रथम श्रेणी व 15 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में वंदना टंडन, पिता राजेंद्र टंडन ने 89% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कु. सरोज निषाद, पिता डिगेश्वर निषाद ने 85% अंक के साथ द्वितीय व कु. मोनिका निषाद, पिता किशन निषाद ने 83% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बारहवीं में खिलेश्वरी निषाद, पिता भानूप्रताप निषाद ने 87% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा लता निषाद, पिता रमेश निषाद ने 84% अंक के साथ द्वितीय व नीलम टंडन, पिता राजेंद्र टंडन ने 82% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य नम्रता तिवारी, वरिष्ठ व्याख्याता माणिक लाल मिश्रा, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि रेवाराम साहू, सदस्यगण भोलाराम निर्मलकर, ललिता बंजारे आदि ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत रायपुर जिले में कलेक्टर साहब के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के निर्देशन व विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के साथ ही आरंग विकासखंड में पूरे सत्र मिशन उत्कर्ष के तहत गुणवत्ता सुधार अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई।

## गुखेरा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**आरंग।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गुखेरा (संकुलः खमतराई) में उच्च कार्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे गांव और स्कूल परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। इस वर्ष समग्र शिक्षा द्वारा अनुमोदित आकर्षक और रंगीन प्रगति पत्र पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को केवल ग्रेड ही नहीं दिए, बल्कि कार्ड के माध्यम से उन ग्रेड्स का अर्थ और उनकी व्यक्तिगत प्रगति को भी विस्तार से समझाया, ताकि छात्र अपनी खूबियों और सुधार के क्षेत्रों को समझ सकें। परीक्षा परिणामों में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें कक्षा 5 से सतीश बघेल 91%, जानवी चौहान 88.8%, प्रियांशु रात्रे 85% एवं कक्षा 8 से कोमल देवांगन 89.5%, निखिल देवांगन 89.3% एवं मानवी चौहान 82% रहे। इस गौरवपूर्ण अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सोनवानी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष रेखराज देवांगन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पालकगण पुरुषोत्तम रात्रे, अजय सोनवानी, हेमलता जोशी, बनवारी यादव, रोहित बघेल, ईश्वर जोशी आदि एवं प्रधान पाठकगण अरविंद वैष्णव एवं के.के. साहू, शिक्षकगण रामनारायण कन्नौजे, नोहर लाल यादव, विमला चौहान, घनश्याम साहू, फातिमा जांगड़े आदि की सहभागिता रही।

## सेमरिया स्कूल में 10वीं-12वीं का बार्ड परिणाम शानदार रहा

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया (समोदा) के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। हायर सेकेंडरी सेमरिया में इस वर्ष कक्षा दसवीं में कुल 46 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, जिसमें 45 प्रथम श्रेणी में व 01 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में महेंद्र कुमार 90.83 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। करन कुमार 89.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय, पार्वती 89.33 प्रतिशत के साथ तृतीय, श्रद्धासुमन 89 प्रतिशत चतुर्थ, टीकम लाल 89 प्रतिशत चतुर्थ स्थान पर रहे। 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 12वीं बोर्ड में इस वर्ष 32 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, जिसमें 24 प्रथम श्रेणी, 07 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। 12वीं का परीक्षा परिणाम 96.87 प्रतिशत रहा। विज्ञान समूह में योगिता साहू 85.2 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही। वहीं कुमकुम 84.8 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। कला समूह में कु. प्रियंका देवांगन 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। वहीं रंजना साहू 76.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रही। शानदार और उत्कृष्ट रिजल्ट आने से विद्यार्थियों और पालकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पूरे सेमरिया, परसदा, करमंदी, केसला क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुनील आवडे. ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।





## सिटी इवेंट

### रायपुर की शान्वी मित्तल को दुनिया के टॉप विवि से स्कॉलरशिप का ऑफर



**रायपुर।** रायपुर छत्तीसगढ़ की बेटी और वेल्हम गर्ल्स स्कूल (देहरादून) की होनहार छात्रा शान्वी मित्तल ने आईसीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। इसके बाद से उनको दुनियाभर के कई विवि से स्कॉरशिप का ऑफर मिल रहा है। शान्वी मित्तल कहती हैं कि सफलता का कोई छोटा रास्ता नहीं होता, इसके लिए आपको निरंतरता और अनुशासन की राह पर चलना ही पड़ता है। शान्वी ने बताया कि उन्होंने कभी भी पढ़ाई को घंटों में नहीं नापा, बल्कि हर दिन के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित किए। शान्वी को अमेरिका के न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी और बोस्टन यूनिवर्सिटी से लेकर स्विट्जरलैंड के ईएचएल हॉस्पिटलिटी बिजनेस स्कूल और पेरिस के ले कोर्डन ब्लू जैसे विश्वविख्यात संस्थानों ने प्रवेश के लिए चुना है। शान्वी की सफलता पर उनके दादा एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, दादी श्रीमती अंगूरी देवी अग्रवाल, पिता नितिन अग्रवाल और माता संध्या अग्रवाल को गर्व है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल सहित अनेक हस्तियों ने शान्वी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## चावड़ी में हर दिन घंटों इंतजार के बाद बमुश्किल मिलता है काम

# मजदूर की मजबूरी : घंटों धूप में इंतजार, फिर मिलता है एक काम... 4 पीढ़ियों से किराए के मकान में कट रही जिंदगी

रोज कमाओ, रोज खाओ और अगर एक दिन कमाई न हो तो भूखे पेट भी सो जाओ, कभी घंटों इंतजार तो कभी काम का अभाव... इस तरह का जीवन हर दिन एक मजदूर जीता है। यह शब्द भी उनके ही हैं। समाज में मजदूर को निम्न वर्ग के रूप में देखा जाता है, लेकिन उनके भीतर प्रतिभाएं अधिक हैं। वे सभी तरह के काम करने में निपुण हैं।





### बच्चों को अच्छी शिक्षा देना पहली प्राथमिकता

सरोना निवासी हेमंत निषाद ने बताया, काम की तलाश में रोज सुबह 5 बजे साइकिल से चावड़ी आता हूं और रात को फिर 9 बजे तक घर पहुंचता हूं। यह दिनचर्या 25 सालों से चली आ रही है। हमारी तीन पीढ़ी मजदूरी कर घर-परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा कर रही है। पिता 100 रुपए में मजदूरी करते थे और आज मैं 450 में करता हूं, लेकिन हमारी स्थिति आज भी वही है, जो पिता के समय थी। उनका कहना है कि हमारे घर में केवल पुरुष ही मजदूरी करते हैं। दादी, मां और पत्नी कभी काम ही तलाश में चावड़ी नहीं आईं। मैंने 17 साल की उम्र से मजदूरी करना शुरू किया था।

**रायपुर।** मजदूर दिवस पर हरिभूमि ने शहर के ऐसे मजदूरों से बातचीत की, जिनकी तीन से चार पीढ़ियां मजदूरी में गुजर गईं। चावड़ी में रोजाना 150 से अधिक मजदूर सुबह 6 बजे से पहुंच जाते हैं, जिनमें से लगभग 80 लोगों को 11 बजे तक काम मिल जाता है और बाकी लोगों को मजदूरी के लिए घंटों धूप में इंतजार करना पड़ता है।

### बच्चों को अच्छी शिक्षा देना पहली प्राथमिकता

चावड़ी में मजदूरी की तलाश में पहुंचे खेलावन साहू का कहना है कि चार पीढ़ी से हम चावड़ी में रोज काम की तलाश में आते हैं। महीने में 6 से 7 दिन ऐसे भी होते हैं, जब कोई काम नहीं होता है। ऐसे दिनों में घर की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो जाता है। उनका कहना है कि पीढ़ी दर पीढ़ी मजदूरी के बाद भी आज भी किराए के घर में रहते हैं। 8 से 9 घंटे की मजदूरी से केवल घर ही चलता है। बच्चों की ख्वाहिश और सपनों को पूरा करना आज भी हमारे के लिए मुश्किल कार्य बना हुआ है। वे बताते हैं कि परिवार में 6 सदस्य हैं। पत्नी भी साथ में मजदूरी करती है। हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों को बेहतर शिक्षा देना है, ताकि हमारी नई पीढ़ी को मजदूरी न करनी पड़े।



### कभी नहीं चुके मतदान से

कुम्हारी निवासी मनीष रात्रे का कहना है कि 15 सालों से मजदूरी कर रहे हैं। पिता समेत भाई और पत्नी भी मजदूरी करते हैं। उनका कहना है कि एक दिन की मजदूरी 450 होती है, लेकिन हर व्यक्ति हमें इतनी मजदूरी नहीं दे पाते हैं। इसलिए कभी-कभी कम पैसे में भी अधिक काम करना पड़ता है। हमारा जीवन ऐसा है कि अगर काम नहीं मिला तो दूसरे दिन उधार मांगने की नौबत आ जाती है। चार पीढ़ी मजदूरी में गुजर गई, लेकिन पैसों का अभाव आज भी बना हुआ है। उन्होंने बताया कि जब चावड़ी में आया था उस वक्त मजदूरी में कैसा काम किया जाता था यह भी नहीं मालूम था, लेकिन जीवन में पैसों के अभाव ने आज सभी तरह के काम सीखा दिए हैं। चावड़ी में यह बिल्कुल नहीं कह सकते हैं कि यह काम मुझे नहीं आता। चावड़ी में आने वालों को घर बनाने से लेकर बिल्डिंग तोड़ने और घर के बिजली व अन्य जरूरी काम आते हैं।

### एक टाइम खाते हैं खाना

चावड़ी में काम की तलाश में आने वाले ज्यादातर मजदूर 9 घंटे के काम में केवल एक टाइम ही खाना खाते हैं। मजदूर श्रीधर बंजारे कहना है कि जब लगातार दो दिन काम नहीं मिलता है तो नींद भी मुश्किल से आती है। एक दिन निकलने के बाद दूसरे दिन काम मिलेगा या नहीं, इसकी चिंता बनी रहती है। काम की तलाश में घंटों बीत जाते हैं, लेकिन काम ही नहीं मिलता है। सरकार को मजदूर हित में फैसला लेना चाहिए। वरना किसानों की तरह मजदूर भी आत्महत्या करने लगेंगे। 50 साल से अधिक मजदूरी करने के बाद भी आर्थिक स्थित मजबूत नहीं हुई है।

## कैंपस इवेंट

### बैसाखी सेलिब्रेशन के साथ पेश की परंपराओं की झलक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा की महिला विंग द्वारा बैसाखी उत्सव एक होटल में सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक अर्चना डोगर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सभी को पंजाब की मिट्टी की खुशबू के साथ वहां की समृद्ध परंपराओं से परिचित कराना था। इसकी थीम अत्यंत आकर्षक और भावनात्मक रही। पंजाबी समाज के युवा विंग ने एक सुंदर नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज को संदेश दिया कि किस तरह आज के समय में पंजाब की संस्कृति, परंपराएं धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं। युवाओं के विदेश (विशेषकर कनाडा और अन्य देशों) में बसने की बढ़ती प्रवृत्ति, नशे की समस्या और बुजुर्ग माता-पिता को पीछे छोड़ देने जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों ने इस अवसर को खास बनाने के लिए पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में गिद्धा और भांगड़ा प्रस्तुत किया, इससे उत्साहमय माहौल बना।

#### सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी दिया संदेश

आयोजन की सफलता में अध्यक्ष प्रिया तावरे और सचिव तृषा खुराना का विशेष योगदान रहा। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर दायित्वों का निर्वहन किया। विभूति अरोड़ा, रीना सखूजा और नीलम विग पिछले एक महीने से पूरी लगन और जोश के साथ तैयारियों में जुटी थीं। वहीं खुशबू विग, ममता विग, रेनू, प्रियंका जग्गी और सारिका सेठ ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रोग्राम का संचालन जूही राजपूत और रूबी सूद ने किया। उन्होंने अपनी प्रभावशाली एंकरिंग के माध्यम से पंजाब की संस्कृति और उसकी कहानी को सभी के सामने खूबसूरती से प्रस्तुत किया। समग्र रूप से यह आयोजन न केवल मनोरंजन से भरपूर रहा बल्कि समाज को अपनी जड़ों से जुड़े रहने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश भी दिया।

## एडीटीओआई की नई टीम का गठन, पर्यटन को मिलेगा बल

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ चैप्टर ने एक भव्य समारोह किया। इसमें नए पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए एक नए अध्याय का शुभारंभ बुधवार की रात किया गया। राजधानी में आयोजित समारोह में पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े लोग इसमें शामिल हुए। एडीटीओआई के अध्यक्ष वेद खन्ना ने अतिथियों की उपस्थिति में कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ में घरेलू पर्यटन से जुड़ी संभावनाओं को देशभर में आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एडीटीओआई के सदस्यों की सामूहिक शक्ति से राज्य को एक प्रमुख पर्यटन के रूप में स्थापित किया जा सकता है। वहीं मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने विश्वास दिलाया कि इस नई पहल से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।




### पर्यटन क्षेत्र में आपसी सहयोग को मजबूत करेंगे

वहीं छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने घरेलू पर्यटन को मजबूत करने के लिए पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया।छत्तीसगढ़ पर्यटन के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने एडीटीओआई के प्रयासों और प्रतिबद्धता की सराहना की। एडीटीओआई के उपाध्यक्ष आशीष सहगल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एडीटीओआई व छत्तीसगढ़ पर्यटन, दोनों के लिए इस अवसर को ऐतिहासिक बताया। नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष सोम प्रकाश सिंह, सचिव मनोज राठौर, कोषाध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सलाहकार रमन जादवानी, एलईओ निशा नानवानी प्रमुख हैं। नवगठित टीम ने यकीन दिलाया कि वे छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख घरेलू पर्यटन के रूप में स्थापित करने और पर्यटन क्षेत्र में आपसी सहयोग को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी ने मोहा मन महारुद्राभिषेक के साथ भजनों ने बांधा समां



**रायपुर।** कचना स्थित अमलतास कैसल के प्रांगण में मौजूद शिव मंदिर के चौथे स्थापना दिवस के पर भगवान शिव का भव्य महारुद्राभिषेक आयोजित किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में कॉलोनी और आसपास के रहवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे दिन चले इस भव्य आयोजन की शुरुआत प्रातः 8.30 बजे भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक के साथ हुई। संध्या के समय एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक लल्लू महाराज ने अपने शानदार भजनों की प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

#### भजन संध्या, शिव महाआरती भी

भजन संध्या के दौरान श्री राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसने सभी भक्तों का मन मोह लिया। अमलतास कैसल के सभी रहवासियों के साथ-साथ आसपास की कॉलोनियों से भी बड़ी संख्या में लोग इस भजन संध्या का आनंद लेने पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में भगवान शिवजी की महाआरती की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं महाभोग का वितरण किया गया, जिसके साथ इस भव्य और गरिमामय आयोजन का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ।

## सोशल इवेंट

### नृत्यश्री धारा की पहल पर आज से ओडिसी नृत्य कार्यशाला



**रायपुर।** नृत्यश्री धारा की पहल पर 1 से 15 मई तक ओडिसी नृत्य पर एक गरिमामय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। नृत्यश्री धारा द्वारा एक पखवाड़े के लिए किए जाने वाले इस आयोजन के लिए कलेक्ट्रेट स्थित टाउन हॉल में सभी तरह की व्यवस्था का दायित्व अलग-अलग लोगों को दिया गया है। इस कार्यशाला में नृत्य गुरु के रूप में आर्या नंदे द्वारा बच्चों को ओडिसी की बारीकियां सिखाई जाएंगी। गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान नृत्य गुरु आर्या नंदे ने बताया कि जापान, मलेशिया, सिंगापुर, सऊदी अरब, दुबई सहित कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है। अभी तक भारत के सभी प्रमुख उत्सवों में अपनी प्रस्तुति देने के बाद अब नई प्रतिभाओं को तराशने का प्रयास करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

#### नृत्यांगना प्रतिभागियों को करेंगी पारंगत

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति विभाग ने ए-ग्रेड आर्टिस्ट होने का गौरव प्रदान किया है। कार्यशाला में प्रतिभागी के रूप में आने वालों को ओडिसी की कलाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। बताया जाएगा कि किस प्रकार ओडिसी नृत्य करना बेहतर होता है, उसकी सभी विधाओं को सिखया जाएगा। आर्या नंदे बताया कि इस कार्यशाला में आकर्षण का केंद्र 6 वर्षीय आदिशा नंदा रहने वाली हैं। वे नृत्यांगनाओं के बीच सबसे छोटी उम्र की प्रतिभागी होंगी। इनको देखकर आने वाले नए प्रतिभागियों को नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही कार्यशाला के बीच प्रशिक्षण के लिए अलग से सत्र संचालित होंगे।

## श्रीबिरंची नारायण मंदिर ब्रह्मपुरी और बुढ़ेश्वर चौक पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

# भगवान नरसिंह प्राकट्य उत्सव की रही धूम, लीलाओं को किया जीवंत

कार्नर न्यूज

रायपुर। भगवान नरसिंह की जयंती गुरुवार को राजधानी के ब्रह्मपुरी स्थित श्रीबिरंची नारायण मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। सुबह 151 लीटर दूध से भगवान का दुग्धाभिषेक, हवन और पूजन के बाद महाआरती की गई। इसके बाद दोपहर से शाम तक भक्तों के लिए जहां भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं शाम को साढ़े 4 बजे निकाली गई शोभायात्रा में उत्सव का माहौल बना। शोभायात्रा में राजा हिरण्यकश्यप कोड़े बरसाते हुए जब सड़क पर निकले तो श्रद्धालु इधर-उधर भागने लगे। शोभायात्रा के वापस मंदिर में पहुंचने पर भगवान नरसिंह और हिरण्यकश्यप के बीच युद्ध हुआ। एक घंटे तक युद्ध होता रहा। जैसे ही संध्या बेला हुई, भगवान नरसिंह ने हिरण्यकश्यप का संहार किया और भक्त प्रहलाद को अपनी गोद में बिठाया। इस बीच जयकारे की गूंज रही।





### कलाकारों ने बनाया माहौल, साक्षी बने भक्त

मंदिर के महंत देवदास महाराज के सानिध्य में जहां सुबह भगवान नरसिंह की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया गया। हवन के बाद मंदिर परिसर में हजारों लोगों ने बैठकर भोजन-प्रसादी ग्रहण किया। शाम को मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ब्रह्मपुरी मंदिर से निकलकर, बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती थाना, कंकाली पारा होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। महाराज ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय तिवारी की उपस्थिति में सभी अनुष्ठान किए गए। वहीं शोभायात्रा के दौरान मंदिर से जुड़े कार्यकर्ताओं और भक्तों ने व्यवस्था की कमान संभाली। उनके सहयोग से भक्तिमय आयोजन किया गया।

### बुढ़ेश्वर चौक पर भी बना उत्सव का माहौल

भगवान नरसिंह और हिरण्यकश्यप के बीच संवादों का सिलसिला बुढ़ेश्वर मंदिर के सामने भी चला। जहां मंदिर समिति के द्वारा भगवान की लीलाओं को जीवंत करने का प्रयास किया गया। इससे भक्तिमय माहौल के साक्षी श्री पुष्टिकर जन ही नहीं, बल्कि राहगीर भी बने। एक समय ऐसा भी आया, जब नरसिंह भगवान ने मंदिर की चौखट पर हिरण्यकश्यप का संहार किया। बुढ़ेश्वर मंदिर के अलावा ब्रह्मपुरी स्थित प्राचीन नरसिंहनाथ मंदिर में भी हिरण्यकश्यप वध का मंचन किया गया।

**मोबाइल झपटमारी, आरोपी गिरफ्तारः रायपुर।** पंडरी पुलिस ने मोबाइल झपटमारी करने के आरोप में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के तीन अन्य साथियों की पुलिस पतासाजी कर रही है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने पौने तीन लाख रुपए कीमत की महंगे आईफोन सहित एक दर्जन मोबाइल जब्त किए हैं। शातिरों ने सिविल लाइंस, देवेंद्र नगर, विधानसभा, खम्हारडीह सहित कई थाना क्षेत्रों में मोबाइल लूट की थी। बदमाशों ने खम्हारडीह थाना के सामने से एक युवक के हाथ से मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए थे। पकड़ा गया आरोपी और उसके फरार साथी आदतन झपटमारी का ही काम करते थे।

# शहर के डेढ़ दर्जन बड़े नालों की अब तक शुरू नहीं हुई सफाई, 25 कर्मचारी 45 दिन करेंगे मेनुअल सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग अब तक शहर के बड़े नाले और नालियों की सुध नहीं ले पाया है। दस जोन में करीब डेढ़ दर्जन बड़े नाले ऐसे हैं, जिनकी समय रहते सफाई नहीं कराई गई, तो नालों की बदबूदार गंदगी बारिश के पानी के साथ रहवासी इलाकों में कहर बनकर टूटेगी। नाला सफाई के लिए नगर निगम ने जो व्यवस्था बनाई है, उसके हिसाब से 25 कर्मचारी 45 दिन तक नालों की सफाई कार्य में लगाए जाएंगे। गहरे नालों की गाद साफ करने महज 2 बड़ी पोकलेन और 5 छोटी मशीन है, जो कि जोन 10 जोन के हिसाब से बहुत कम है।

नगर निगम प्रशासन के लिए शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित बड़े नालों की सफाई कराना एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने है। आमतौर हर साल अप्रैल से मई तक बड़े नालों की प्रारंभिक सफाई से लेकर



दूसरे और तीसरे दौर की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाता है। जून का पहला सप्ताह माइक्रो क्लीनिंग का रहता है, जिसमें जहां मशीन नहीं पहुंच पाती, वहां सफाई करानी होती है। इस बार अप्रैल बीतने के बाद भी प्रारंभिक चरण के नालों की सफाई शुरू नहीं हो पाई है।यही वजह है, शहर के अलग-अलग इलाकों के नालों में कचरा, प्लास्टिक और गंदगी जमा होने से गंदे पानी की निकासी कार्य प्रभवित हो रहा है।

## शहर के कुछ प्रमुख बड़े नालों पर एक नजर

- भनपुरी नाला - क्षेत्र भनपुरी, खमतराई, बीरगांव।
- फाफाडीह - स्टेशन रोड नाला।
- शंकर नगर सेक्टर 2 नाला - क्षेत्र पंडरी, शंकरनगर, तेलीबांधा।
- बूढ़ापारा नाला- इंडोर स्टेडियम के पीछे गुजरने वाला पुराना व बड़ा नाला, जिसमें बूढ़ापारा, सदरबाजार आमापारा क्षेत्र का गंदा पानी बहकर आता है।
- कुशालपुर - लाखे नगर नाला।
- संतोषीनगर नाला - यह नाला जोन 6 का मुख्य ड्रेनेज मार्ग जो काफी गहरा और चौड़ा है। इसमें संतोषीनगर, टिकरापारा, मठपुरैना क्षेत्र समाहित है।
- छत्तीसगढ़ नगर का मार्बल लाइन नाला - जिसमें पचपेड़ी नाका, बोरियाखुर्द, डूंडा का गंदा पानी समाहित होता है।
- टाटीबंध नाला - एनएच के किनारे जलभराव रोकने का महत्वपूर्ण नाला।
- मोहबा बाजार नाला - जीई रोड से गुजरने वाला जल निकासी का अहम माध्यम।
- दलदल सिवनी नाला, जब्बार नाला - मोवा और सड्डू क्षेत्र में जल भराव का प्रमुख कारण बनता है।




## पेज 13 के शेष

### प्लास्टिक फैक्ट्री में...

11 बजे के करीब फैक्ट्री से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को आग लगने सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और एहतियातन आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट की आशंका व्यक्त की जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

### कोलकाता से पुणे .....

ही महिला यात्री को प्राथमिक सहायता प्रदान की तथा एम्बुलेंस द्वारा आगे के उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। आवश्यक औपचारिकताएं एवं स्थिति सामान्य होने के बाद विमान ने लगभग 1:00 बजे पुनः अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरी। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, पूरी प्रक्रिया त्वरित एवं समन्वित तरीके से संपन्न कराई गई।

### होगा संयुक्त मॉक ....

की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था एवं संभावित विमान अपहरण जैसे आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया तंत्र का विस्तृत आकलन किया गया एवं विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय, सूचना आदान-प्रदान की प्रणाली तथा संभावित खतरों से निपटने तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर एंटी-हाइजैकिंग से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं की विस्तृत चर्चा की गई। नियमित अंतराल पर संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित करने, कमियों की पहचान कर समयबद्ध सुधार करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए।






# सत्तापक्ष बोला- आधी आबादी के हक पर विपक्ष डाल रहा बाधा, कांग्रेस ने कहा-गुमराह कर रही भाजपा

*विधानसभा के विशेष सत्र में गुरुवार को 33 फीसदी महिला आरक्षण के लिए शासकीय संकल्प पेश किया गया। इस पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्षी सदस्यों के बीच जमकर बहस हुई। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विधेयक का विरोध कर महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश की गई है, जबकि विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि वे महिला आरक्षण के समर्थन में हैं, लेकिन परिसीमन का पेंच नहीं फंसाया जाना चाहिए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सत्र की शुरुआत में सदन ने पूर्व विधानसभा सदस्य जगेश्वर राम भगत और पूर्व राज्यसभा सदस्य मोहसिना किदवई के निधन पर शोक व्यक्त किया।



इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शासकीय संकल्प पेश करते हुए कहा, इस सदन का मत है कि नारी शक्ति के सम्मान तथा महिलाओं के समग्र विकास और सशक्तीकरण के उद्देश्य से देश की संसद तथा सभी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, परिसीमन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, उन्होंने भी इसी तरह का एक संकल्प पेश किया था, जिसमें केंद्र से आग्रह किया गया था कि लोकसभा और विधानसभा में मौजूदा सीटों की संख्या के भीतर ही महिलाओं को जल्द से जल्द 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए, लेकिन उनके संकल्प पर विचार नहीं किया गया। उन्होंने अशासकीय संकल्प पेश करने की कोशिश की, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। विपक्ष ने इस पर जोरदार विरोध जताया और आरोप लगाए कि सत्ता पक्ष महिलाओं को गुमराह कर रहा है। पहले निंदा प्रस्ताव की बात कही गई, अब संकल्प लाया जा रहा है। इसके जवाब में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का संकल्प एक अशासकीय संकल्प था, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता था, क्योंकि विशेष सत्र का एजेंडा पहले से ही तय था। उन्होंने कहा कि यह सत्र सरकारी कामकाज के लिए बुलाया गया था और उन्होंने विपक्ष के संकल्प को अस्वीकार कर दिया।

### संसद में बिल गिरने से आधी आबादी के सपने टूट गए- उसेंडी

बीजेपी विधायक लता उसेंडी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा, महिला आरक्षण में बाधा विपक्ष ने डाली है। लोकसभा में बिल गिराने के लिए विपक्ष जिम्मेदार रहा। उन्होंने कहा, संसद में बिल गिरने के बाद आधी आबादी के सपने टूट गए। महिला आरक्षण के बिल में विपक्ष ने हमेशा ढकोसला किया। लता उसेंडी ने आंकड़ों के साथ बात की। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत नहीं बढ़ा है। उनके अनुसार, वर्ष 1952 में 22 महिला सांसद थीं, जबकि वर्तमान में यह संख्या 74 है। उन्होंने कहा, वर्ष 1971 में इंदिरा गांधी द्वारा परिसीमन फ्रीज किए जाने के कारण लोकसभा सीटों में वृद्धि नहीं हुई, जिससे महिलाओं के प्रतिनिधित्व में वृद्धि को लेकर राजनीतिक दिक्कतें बनी रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने मदर टेरेसा के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि 'कल के लिए आज काम करना जरूरी है' और भाजपा इसी दिशा में कार्य कर रही है।

### महिला विधेयक संसद में कब-कब आया

लता उसेंडी ने कहा, एचडी देवगौडा सरकार ने 1996 में पहली बार महिला विधेयक पेश किया। 1998 में दूसरी बार कोशिश की गई। 1999 में अटल सरकार के समय फिर पेश किया गया। तब एनडीए ने बिल की प्रतियां फाड़ी। 2010 में मनमोहन सरकार के समय राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पास किया गया, लेकिन गठबंधन दलों के विरोध में इसे लोकसभा में पेश नहीं किया गया। 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया गया। अब इसे लागू करने परिसीमन बिल के साथ लाया गया, जिसका विपक्ष ने विरोध किया।

### महिला आरक्षण... शासकीय संकल्प पारित, विपक्ष ने किया बहिष्कार



किरण सिंह देव | लता उसेंडी | अजय चंद्राकर | डॉ. चरणदास महंत

### मातृ शक्ति को राजनीतिक भीड़ का हिस्सा न बनाएं: किरण

भाजपा विधायक किरणदेव ने शासकीय संकल्प का समर्थन करते हुए कहा, जब पंचायत पर भरोसा है, तो लोकसभा, और राज्यसभा व विधानसभा में आरक्षण के लिए सहमति क्यों नहीं बनती? उन्होंने कहा, मातृ शक्तियों को राजनीतिक शक्तियों की भीड़ का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा, आजादी के बाद से 5 दशक तक देश में कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस सरकार के दौरान महिलाओं के लिए काम क्यों नहीं किया? बीजेपी ने संसद में बिल लाया, तब समर्थन क्यों नहीं दिया। यह बिल 2029 में लोस और रास में प्रतिनिधित्व देने वाला बिल है। संसद में बिल को ध्वस्त करने का काम कांग्रेस ने किया। कांग्रेस की कथनी और करनी में हमेशा अंतर रहता है।

### कांग्रेस महिला आरक्षण विरोधी- भावना

भाजपा विधायक भावना बोहरा ने महिला आरक्षण के लिए शासकीय संकल्प का समर्थन किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण के लिए प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस ने समर्थन नहीं दिया। उन्होंने कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया।



### महिलाएं समझदार हैं, बहकाइए मत : संगीता सिन्हा

*कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने कहा, जब पूरे देश में चुनाव आने वाला है, तो पीएम मोदी अचानक से घोषणा करते हैं कि 33 प्रतिशत आरक्षण लाया जाएगा। महिलाएं समझदार हैं, आप बहकाने का प्रयास मत कीजिए। आप सबसे पहले जनगणना करवाइये, इसके बाद महिला आरक्षण बिल लागू करिए। चुनाव हारने का डर था, इसलिए ये बिल लाए हैं।*

### कांग्रेस ने कभी भी महिला आरक्षण की बात नहीं की : अजय

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, कांग्रेस ने कभी भी महिला आरक्षण की बात नहीं की। उन्होंने कहा, 1951 में पहली बार बिल रखा गया था, तब कांग्रेस इसका विरोध किया था। छत्तीसगढ़ देश की दूसरा राज्य है जहां स्थानीय निकाय में 50 फीसदी आरक्षण है। उन्होंने सनातन परंपरा में महिलाओं का क्या स्थान रहा है इसका विस्तार से जिक्र किया, और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने महिलाओं को कभी आगे आने नहीं दिया।

### कांग्रेस का पलटवार
## महिला आरक्षण बिल चुनावी झुनझुना: भेंडिया

विधायक अनिला भेंडिया ने कहा, महिला आरक्षण बिल चुनावी झुनझुना है। 2023 में बिल पास होने के बाद भी लागू नहीं किया गया, कांग्रेस 33 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन इसे वर्तमान सीटों पर ही तुरंत लागू किया जाए।



उन्होंने भाजपा पर महिलाओं के मुद्दे का राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। भाजपा की हिम्मत 543 सीटों पर 33 प्रतिशत आरक्षण देने की नहीं है। महिलाएं इसका बदला भाजपा से जरूर लेंगी। भाजपा महिलाओं की कंधों पर बंदूक रखकर उनका अपमान कर रहे हैं। चुनाव के बीच सत्र बुलाने की जरूरत क्यों पड़ी? महिला सुरक्षा पर सरकार बात करती है, आज कौन सी महिला देश में सुरक्षित है यह बताएं? उन्होंने कहा कांग्रेस ने मौका दिया। भाजपा से 54 में 8, कांग्रेस से 35 में 11 महिला विधायक हैं। कांग्रेस ने वास्तव में महिलाओं को अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा, 2023 के बिल की बात करें तो उसका समर्थन करेंगे।

### महिलाओं को बनाया मूर्ख : चातुरी नंद

कांग्रेस विधायक चातुरी नंद ने कहा, वर्ष-2023 में पारित बिल के आधार पर आरक्षण क्यों नहीं देते। इससे साबित होता है कि आप महिला विरोधी हैं। महिलाओं को मूर्ख बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, सत्ता का संतुलन अपने पक्ष में करने की रणनीति है। ये जनता के साथ धोखा है।

---

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस ने बोरे-बासी खाने में भी कर डाला 8 करोड़ का घोटाला : कश्यप

**रायपुर।** प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने मजदूर दिवस पर बोरे-बासी खाने से जुड़े प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कांग्रेस विलायती रीति-नीति को महत्व देती है, तभी तो मजदूर दिवस के दिन कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस शासन काल में मजदूर दिवस के दिन बोरे-बासी खाने के नाम पर 8 करोड़ रुपए का घोटाला कर डाला। श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस ने जन-धन की लूट के लिए कोई दिन नहीं छोड़ा। आपदा को अवसर में बदलने वाली कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कोई सरोकार नहीं है, उन्हें तो केवल प्रदेश एवं देश की जनता को केवल लूटना और भ्रमित करना है।



### हेलमेट अनिवार्य करने के लिए सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हाईवे पर हेलमेट अनिवार्य करने के लिए धन्यवाद दिया है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने कहा कि नहरपारा विकास समिति केवल जनता के हित के ही कार्य करती है। 2023 से 2025 तक हेलमेट नहीं लगाने के कारण लगभग बीस हजार लोगों की अकाल मृत्यु हो चुकी है, इस निर्णय से अब आने वाले समय में हेलमेट अनिवार्य करने के कारण मृत्यु के आंकड़ों में 90 प्रतिशत तक की कमी आएगी। साथ ही श्री आहूजा ने धमतरी में सैनिक स्कूल खोलने के लिए रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने का भी स्वागत किया है। घरों तक गैस पाइप लाइन लगाने के निर्णय का भी स्वागत किया गया है तथा बहुप्रतीक्षित तीन पूर्व आईपीएस अधिकारियों संजय पिल्ले, मुकेश गुप्ता एवं आरके विज को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दुर्भावनावश की गई पदावनति आदेश रद्द करने को एक ईमानदारी पूर्ण निर्णय बताया है।

## आज से सुशासन तिहार, 10 जून तक प्रदेशभर में चलेगा अभियान, गांव-शहर में लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए "सुशासन तिहार 2026" की शुरुआत शुक्रवार से होने जा रही है। यह अभियान 10 जून 2026 तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा, जिसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण ही सुशासन की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आमजन को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सीएम करेंगे औचक निरीक्षण और समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं विभिन्न जिलों का दौरा कर निरीक्षण और समीक्षा करेंगे। इसमें विकास कार्यों का औचक निरीक्षण, हितग्राहियों से सीधा फीडबैक, जिला स्तर पर समीक्षा बैठकें करेंगे। निरीक्षण के बाद वे प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी साझा करेंगे और नागरिकों व सामाजिक संगठनों से सुझाव भी लेंगे।

**पहले चरण में लंबित मामलों के निराकरण पर जोर**

अभियान के पूर्व चरण में ही कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि 30 अप्रैल तक सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित करें। इसमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरण, मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित भुगतान , आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बिजली, ट्रांसफार्मर और पेयजल (हैंडपंप) समस्याएं के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान रखा जाएगा, साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### प्रदेशभर में लगेंगे समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तहत 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविर लगेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 15–20 ग्राम पंचायतों के समूह में शिविर, शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर आधारित आयोजन, मौके पर ही आवेदन स्वीकार और लाभ वितरण, अधिकतम एक माह में आवेदनों का निराकरण, शिविरों में शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी और प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव और प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे।

## परिवहन विभाग में तकनीकी के साथ 20 एआरटीओ का स्थानांतरण

प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से किया गया है स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के परिवहन विभाग ने प्रशासनिक कसावट लाने के साथ सुचारू परिवहन व्यवस्था के लिए 20 अधिकारियों का गुरुवार को तबादला आदेश जारी किया है। जारी तबादला आदेश में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों से लेकर तकनीकी अधिकारियों के नाम शामिल हैं। जिन अफसरों का नाम तबादला सूची में है, उनमें से कई को रायपुर परिवहन मुख्यालय में अटैच किया गया है।

परिवहन विभाग द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक कोरबा, पेंड्रा के जिला परिवहन अधिकारी का स्थानांतरण जांजगीर-चांपा किया गया है। इसी




तरह अतुल असैया का कोण्डागांव से अब कोरबा, गौरव साहू जांजगीर-चांपा से रायगढ़, अब्दुल मुजाहिद धमतरी से परिवहन मुख्यालय, नवा रायपुर, अनिल भगत कोरिया से राजनांदगांव (अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी) तबादला किया गया है। एआरटीओ योगेश भंडारी का सूरजपुर से बालोद, किशनलाल माहौर बीजापुर से बेमेतरा और शिवभगत रावटे सुकमा से धमतरी स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा, तकनीकी विभाग से चुन्नीलाल देवांगन को भी मुख्यालय अटैच किया गया है।

### 10 दिनों के भीतर देनी होगी जॉइनिंग

आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि स्थानांतरण नीति 2025 की कंडिका 1.12 के तहत सभी अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। निर्धारित समय सीमा में पदभार ग्रहण न करने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## बिजली बिल जमा की अंतिम तिथि के बाद कभी भी कर रहे बिजली कट

विकास उपाध्याय ने दी आंदोलन की चेतावनी, एमडी भीम सिंह कंवर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का कहना है, भरी गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल जमा न होने पर बिजली कट की जा रही है। इसमें नियमों का पालन भी नहीं हो रहा है। बिल भुगतान की अंतिम तिथि के बाद नियम से मिलने वाले समय से पहले ही बिजली कट हो रही है। अगर पॉवर कंपनी ने उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटना बंद नहीं किया, तो कांग्रेस इस मामले में लगातार आंदोलन करेगी। मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों के निवास का भी घेराव किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने ज्ञापन में लिखा है कि राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में गरीब एवं मध्यम वर्ग जो एक माह का बिजली बिल नहीं पटा पा रहे हैं उनके बिजली कनेक्शन को काट दिया जा रहा है, बिजली बिल अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद ही लाइन को काट दिया जा रहा है और जब बिजली बिल पटा दिया जाता है तो जब तक संबंधित जोन में जाकर इसकी जानकारी नहीं दी जाती है, तब तक लाइन को जोड़ा भी नहीं जाता। जानकारी देने के




बाद कई घंटों तक कनेक्शन जोड़े नहीं जा रहे हैं। श्री उपाध्याय ने कहा, सरकारी बंगलों में मंत्री, आईएएस, आईपीएस सहित विभिन्न अधिकारियों के करोड़ों रुपए के बिजली बिल बाकी हैं उनकी लाईनों को काटने का काम क्यों नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना से अभी तक कितने उपभोक्ताओं का समाधान हुआ है तथा इसमें किस प्रकार के समस्याओं का समाधान किया जाता है, उसकी जानकारी कंपनी से मांगी गई है। एक माह बिजली बिल नहीं पटाने की स्थिति में उपभोक्ताओं को दूसरे महीने 200 यूनिट फ्री बिजली बिल योजना के लाभ से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा, लगातार बिजली मेंटेनेंस के नाम पर ट्रांसफार्मर सहित अन्य सामान खराब होने की जानकारी दी जाती है लेकिन जो ठेकेदार इन सामानों की सप्लाई करते हैं वैसे ठेकेदार पर कार्रवाई भी नहीं की जाती है। उन्होंने कहा राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कऊ शहरों से लेकर गांवों में लगातार लो वोल्टेज की समस्याएं आ रही हैं तथा घंटे दो घंटे के लिए अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में विकास उपाध्याय के साथ वरिष्ठ पार्षद संदीप साहू, ब्लॉक अध्यक्ष देवकुमार साहू, डॉ. अन्नूराम साहू, अशोक सिंह ठाकुर, सौमित्र मिश्रा, संदीप शर्मा, हरिश साहू, राजू शर्मा, संदीप सिरमोर आदि उपस्थित थे।

## शासकीय भूमि पर कब्जा करने मंदिर बनाने की तैयारी, वार्ड पार्षद ने की तहसीलदार से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सड्डू इलाके में शासकीय जमीन पर कब्जा करने के इरादे से कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति के मंदिर का निर्माण कराए जाने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-8 की पार्षद सावित्री भारत धीवर ने गुरुवार को तहसीलदार से लिखित में शिकायत की है। इस शिकायत पत्र में कहा गया है कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने की नीयत से कुछ भू-माफिया मंदिर का निर्माण कराने के नाम यहां विवाद की स्थिति पैदा कर रहे हैं, ताकि भूमि पर उनका कब्जा हो सके।

### इस जमीन पर पहले डेयरी संचालक ने किया था कब्जा

इस क्षेत्र के निवासी बंटी शरद पांडेय ने बताया जा रहा है कि लगभग 5 हजार एकड़ जमीन के एक हिस्से में पूर्व में एक डेयरी अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। इसकी शिकायत होने के बाद इस मामले में कार्रवाई कर डेयरी को हटाने के बाद तहसीलदार के माध्यम से जमीन का सीमांकन कराया गया। सीमांकन रिपोर्ट में जमीन शासकीय पाई गई। इस कार्रवाई के दौरान ही कुछ असामाजिक तत्वों ने वार्ड पार्षद के पति के साथ मारपीट भी की थी, जिसकी शिकायत थाने में भी दर्ज कराई गई थी।



### हाईस्कूल निर्माण कराने की मांग, सांसद को सौंप चुके ज्ञापन

इस क्षेत्र में कहीं भी हाईस्कूल नहीं है। वार्डवासियों की मांग पर वार्ड पार्षद ने इस शासकीय स्कूल पर हाईस्कूल का निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन भी सौंप चुकी है। हाईस्कूल के निर्माण से इस क्षेत्र के बच्चों को पढ़ने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली विशाल मशाल रैली

***रायपुर।*** *भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आव्हान पर रायपुर शहर जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कृतिका जैन के नेतृत्व में गुरुवार को विशाल मशाल रैली नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर निकाली गई। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से निकली इस रैली में काफी संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिलाओं सहित भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुईं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि महिलाओं को 33% आरक्षण के साथ लोकसभा एवं विधानसभा में नेतृत्व करने का मौका देने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम सदन में रखा था। कांग्रेस पार्टी सहित सभी विपक्षी दल ने इस अधिनियम का विरोध कर इसे पारित नहीं होने दिया।*



*महिला मोर्चा रायपुर शहर जिला अध्यक्ष कृतिका जैन ने कहा कि देश की आधी आबादी 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ देश का नेतृत्व करेंगी। कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष को देश की महिलाएं आने वाले समय में करारा जवाब देंगीं और देश से कांग्रेस को विदा करेंगी। इस दौरान मशाल रैली में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. किरण बघेल, प्रभा दुबे, महामंत्री शीतल नायक, फुलेश्वरी पैकरा, जिला महामंत्री माया शर्मा, कमलेश बसंत वर्मा सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं।*

---

न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
**संदर्भः जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00069 अमलीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- . CG-2026-27-106-1-50**

**// ईश्तहार//**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00069 के अंतर्गत ग्राम अमलीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी मुकेश प्रसाद तिवारी पिता/पति-शंकर प्रसाद तिवारी पता-गली नं 5 संतोषी किराना स्टोर के पीछे गंगा विहार कॉलोनी अमलीडीह रायपुर छ ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 28/32 (0.0087) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नेहा तिवारी पिता/पति-मुकेश प्रसाद तिवारी पता-गली नं 5 संतोषी किराना स्टोर के पीछे गंगा विहार कॉलोनी अमलीडीह रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/04/2026 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदारः** Jyoti Singh
**रायपुर**

---

**कार्यालय रा.नि.मं.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील- रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

**जारी दिनांक 29/04/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रत्नविभा सिंह पति- वीर सिंह निवासी संतोषी नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं.-71 राजस्व निरीक्षक मण्डल- रायपुर 14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 230/56 रकबा क्रमशः 0.0140 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0140 हे भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 27/04/2026 के परिपालन में दिनांक 19/05/2026 को समय 11.00 A.M बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थिति पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)**

---

**कार्यालय रा.नि.मं.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 29/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नम्रता टाटिया पति सुनील टाटिया निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम डूण्डा प.ह.नं.-72 राजस्व निरीक्षक मण्डल- रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 404/31, 15003/5 रकबा क्रमशः 0.0295 हे., 0.1745 हे. कुल खसरा क्रमांक 02 रकबा 0.202 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/12/2025 के परिपालन में दिनांक 13/05/2026 को समय अपरान्ह 12 AM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 72 के डूण्डा स्थित पटवारी/ राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)**

---

**कार्यालय रा.नि.मं.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 29/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दिप्ती टाटिया पति दीलीप टाटिया निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम डूण्डा प.ह.नं.-72 राजस्व निरीक्षक मण्डल- रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 382/18, 15003/4 रकबा क्रमशः 0.041 हे., 0.163 हे. कुल खसरा क्रमांक 02 रकबा ......हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/12/2025 के परिपालन में दिनांक 13/05/2026 को समय अपरान्ह 12 AM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 72 के डूण्डा स्थित पटवारी/ राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)**

---

**"उद्घोषणा"**

क्रमांक 3615/आर.सी./रा.वि.प्रा./2026
रायपुर, दिनांक 30/04/2026

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत जिनदत्त बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री राजकुमार चोपड़ा पिता श्री मनोहरचंद चोपड़ा को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक सी-08 रकबा 604.64 वर्गमीटर सेक्टर 02 में आबंटित हैं। क्रेता श्रीमती मालवी कातरेला पति श्री कमलेश कातरेला निवासी- जे-06, भैरव सोसायटी, पचपेड़ी नाका, जैन मंदिर के पास, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा उक्त भूखण्ड 25.03.2026 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राहय नही होगा। दिनांक 30.04.2026 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विश्वजीत साहा पिता श्री अमल चन्द साहा निवासी - बसंत कॉलोनी, अवंति विहार, सेन्ट जेवियर स्कूल रोड़, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) वाले के द्वारा विक्रेता रामनारायण सोनकर पिता- श्री प्रहलाद सोनकर निवासी - मंदिरपारा वार्ड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर - 72/2, 73/1, 74/1, 74/2, 76/1, 77/5 रकबा क्रमशः 0.0770 हे., 0.0610 हे., 0.1170 हे., 0.1170 हे., 0.3380 हे. एवं 0.4550 हे. अर्थात कुल खसरा 06 (छह ) एवं कुल रकबा 1.1650 (एक दशमलव एक छह पांच शून्य) हेक्टेयर भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम - भाठागांव, प.ह.नं. 00060, रा.नि.मं. - रायपुर - 13 - भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम राशि अदा कर दी है। यह कि शेष बकाया राशि का भुगतान कर उपरोक्त भूमि का विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त भूमि या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने ।

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 30/04/2026
**अभिजीत गोस्वामी, अनिल कुमार (अधिवक्तागण)**
**अफिस नंबर- 07, पोस्ट ऑफिस के बाजू, सेक्टर-1, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. - 99070-64105, 62615-20809**
**पक्षकार मो. नं. 74409-97490**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गर्मी में टमाटर की लोकल फसल ने खाया भाव, थोक में 20 चिल्हर में 40 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टमाटर की लोकल फसल अंतिम चरण पर है, लेकिन गर्मी में कुछ स्थानों से टमाटर की लोकल फसल आने के कारण इसके दाम आसमान पर चले गए हैं। अच्छी क्वालिटी का टमाटर थोक में जहां 18 से 20 रुपए किलो है, वहीं चिल्हर में यह ज्यादातर सब्जी मंडियों में 40 रुपए किलो बिक रहा है। चिल्हर में दूसरी सब्जियों में भी भारी लूट है। थोक से चिल्हर में दाम डेढ़ से दो गुना ज्यादा हैं। थोक में धनिया 25 रुपए किलो है, जबकि चिल्हर में यह 20 से 25 रुपए पाव बिक रहा है। यानी 80 से 100 रुपए किलो। टमाटर का अपने राज्य में भारी उत्पादन होता है। इसकी फसल दीपावली से प्रारंभ होकर अप्रैल तक आती है। ऐसे में इसके दाम आमतौर पर दिसंबर से कम होकर थोक में 2 से 3 रुपए और चिल्हर में 5 से 7 रुपए हो जाते हैं। इस माह के प्रारंभ में अच्छी क्वालिटी का टमाटर चिल्हर में दस रुपए किलो तक बिक रहा था, लेकिन अब अचानक से इसके दाम में बहुत तेजी आ गई है। एक सप्ताह पहले टमाटर चिल्हर में 20 रुपए किलो बिक रहा था, लेकिन अब इसके दाम 40 रुपए किलो हो गए हैं।

■ चिल्हर में सब्जियों में भी बड़ी लूट, थोक से दाम डेढ़ से दो गुना ज्यादा



### गर्मी की फसल के दाम ज्यादा

सब्जी कारोबारियों के मुताबिक आमतौर पर टमाटर की पुरानी फसल लगभग समाप्त हो गई है, लेकिन गर्मी में धमतरी, नगरी, सिहावा, धमधा के किसान भारी मात्रा में टमाटर की फसल लगा रहे हैं तो इसके दाम ज्यादा रहते हैं। अच्छी क्वालिटी का टमाटर डूमरतराई की मंडी में 18 से 20 रुपए किलो बिक रहा है। पुराने टमाटर की क्वालिटी अच्छी नहीं है, इसलिए इसकी डिमांड नहीं के बराबर है। मई के पहले सप्ताह से बाहर से टमाटर आने पर प्रारंभ में दाम कुछ कम हो सकते हैं।

### सब्जियों में ऐसी लूट

सब्जियों के दाम में थोक और चिल्हर में जमीन आसमान का अंतर है। पत्ता गोभी थोक में 6 रुपए किलो है। इसके चिल्हर में दाम 30 रुपए किलो हैं। फूल गोभी थोक में 15 से 20 चिल्हर में 30 से 40 रुपए, भिंडी थोक में 15 से 20, चिल्हर में 40 रुपए किलो, खीरा थोक में 10 से 12 रुपए चिल्हर में 30 रुपए किलो, लौकी थोक में 12 से 15 रुपए चिल्हर में 30 रुपए किलो, कोचाई थोक में 25 से 30 रुपए चिल्हर में 80 रुपए किलो, करेला थोक में 15 से 18 रुपए, चिल्हर में 40 रुपए किलो बिक रहा है। नींबू थोक में बड़ी साइज वाला थोक में पांच रुपए नग है, यह चिल्हर में दस रुपए बिक रहा है। छोटी साइज का नींबू चिल्हर में 5 से 7 रुपए में बिक रहा है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल को भेंट किया धान का कटोरा

**रायपुर।** संत गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय महाविद्यालय द्वारा लोकभवन छत्तीसगढ़ मंडपम में गुरुवार को विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राएं शामिल हुईं। महाविद्यालय प्रबंधन ने राज्यपाल रमेन डेका को प्रतीक चिन्ह के रूप में धान का कटोरा भेंट किया। इस मौके पर राज्यपाल श्री डेका ने नारी शक्ति की महत्ता एवं उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराया तथा नारी की तुलना पानी से की। इसी दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर विकास की यात्रा साझा की। कार्यक्रम को विधायक पुरंदर मिश्रा, संत युधिष्ठिर लाल शदाणी ने भी संबोधित किया।

### सेंट पॉल्स कैथेड्रल में वैकेशन बाइबिल स्कूल शुरू



**रायपुर।** राजभवन के पास स्थित सेंट पॉल्स कैथेड्रल में वैकेशन बाइबिल स्कूल गुरुवार से शुरू हो गया। प्रतिवर्ष गर्मी की छुट्टियों में वैकेशन बाइबिल स्कूल (वीबीएस) का आयोजन किया जाता है, जहां सुबह 7 से 11 बजे तक क्लासेस होंगी। इसमें 3 वर्ष के बच्चों से लेकर 22 साल तक के युवा शामिल हो रहे हैं। यह स्कूल 10 मई तक संचालित होगा, जिसमें बच्चों को धार्मिक शिक्षा, संस्कार और नैतिक व्यवहार की सीख दी जाएगी। बच्चों जो कुछ सीखा है, उसे चर्च आराधना के समय कलीसिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। बच्चों को गिफ्ट भी दिए जाएंगे। संडे स्कूल की सुपरिटेंडेंट नेहा पिल्ले ने मीडिया को बताया कि वीबीएस के लिए बाइबल का मुख्य पद हाग्गै 2:23 और थीम सिग्नेट रिंग (मुहरबंद अंगूठी) है। कार्यक्रम में बिशप डॉ. सुषमा कुमार, पादरी असीम प्रकाश विक्रम, धर्मगुरु और वक्ता के अलावा संडे स्कूल एक्जीक्यूटिव कमेटी, पास्टर, डीकन, पास्ट्रेट कोर्ट, पास्ट्रेट कमेटी, महिला सभा, युवा सभा के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### अपडेट होने के बाद पोर्टल में तकनीकी खराबी

# श्रम दफ्तर में ही श्रमिक हो रहे परेशान, घंटों लाइन में लगकर गर्मी झेलते हुए करा रहे नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्रम दफ्तर में ही श्रमिकों की सुविधा का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। वित्तीय वर्ष खत्म होने के बाद श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रमिक अपना पंजीयन कार्ड जीवित रखने के लिए नवीनीकरण करा रहे हैं। इसके लिए उन्हें इस भीषण गर्मी में सिविल लाइन स्थित श्रम दफ्तर जाना पड़ रहा है। यही नहीं, श्रम दफ्तर में पंजीयन एवं नवीनीकरण का कार्य एक छोटे से कमरे में चल रहा है, जिसकी खिड़की पर लाइन लग रहे लोगों को धूप और बारिश से बचाने के लिए सीमेंट का शेड बना हुआ है, जो तेज धूप से तो बचा रहा है, लेकिन गर्मी और लू के थपेड़ों से श्रमिक हलाकान हो रहे हैं। इससे राहत देने के लिए यहां पंखा या कूलर आदि की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।






### जवाब देने से बच रहे अफसर

इस मामले में श्रम विभाग के अफसर एवं प्रभारी श्रमायुक्त देवेंद्र देवांगन से कई बार संपर्क कर जानकारी लेने का भी प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। वहीं इस मामले में विभाग के अन्य अफसरों का यही कहना है कि किसी भी प्रकार इस मामले में बयान या जवाब देने के लिए श्रमायुक्त ही अधिकृत हैं। उनसे ही जानकारी मिलेगी।

### दो ऑपरेटर उसमें भी एक अवकाश पर

पंजीयन-नवीनीकरण के लिए यहां दो ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें से एक ऑपरेटर अवकाश पर था। उसके स्थान पर कोई रिलीवर ऑपरेटर की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण भी नवीनीकरण का कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है, जिससे श्रमिकों को परेशान होना पड़ रहा है।

### पोर्टल अपडेट ने बढ़ाई परेशानी, 5 मिनट की जगह 20 से 25 मिनट में हो रहा नवीनीकरण

श्रम विभाग के अधिकारियों के अनुसार विभाग के पोर्टल को हाल ही में अपडेट कराया गया है। अपडेट होने के बाद से पोर्टल में तकनीकी दिक्कत आ रही है, जिसके कारण ऑनलाइन कार्य पर असर पड़ रहा है। पंजीयन-नवीनीकरण करने वाले ऑपरेटरों ने बताया कि अपडेट होने के बाद पोर्टल ठीक से चल नहीं रहा है। प्रत्येक श्रमिक का नवीनीकरण करने में पहले 5 मिनट से भी कम समय लगता था। उसे करने में अब 20 से 25 मिनट लग रहा है। इसके कारण श्रमिकों को भी घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है।

### गर्मी और लू की मार खाकर भी लाइन में खड़ा होना पड़ रहा श्रमिकों को

न्यू चंगोराभाठा निवासी एक महिला श्रमिक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वह अपना श्रम कार्ड नवीनीकरण कराने के लिए आई है। वह सुबह 11 बजे से यहां पहुंची, लेकिन दोपहर 1 बज गया, पर अभी तक उसका नंबर नहीं आया है। इस महिला ने बताया कि दो घंटे से वह गर्मी और गरम हवा बर्दाश्त करते हुए लाइन में खड़ी होकर नंबर आने का इंतजार कर रही है। इन दो घंटों में 3-4 श्रमिकों का ही नवीनीकरण हो पाया है।

### अप्रैल में 2234 आवेदन में 972 प्रक्रियाधीन

जिले में श्रम विभाग अंतर्गत नवीनीकरण कराने के लिए अप्रैल माह में कुल 2234 आवेदन किए गए हैं। इनमें से 987 आवेदनों में नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वहीं 972 आवेदन अभी प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा 275 आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द किए गए हैं।

## रीडिंग 10 हजार की, बिल थमा दिया 22 हजार का!



रायपुर। बिजली बिलों में लगातार गंभीर अनियमितताएं को लेकर विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ गुरुवार को एनएसयूआई ने धरना-प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के मुताबिक, विशेषकर पुरैना जोन क्षेत्र में कई उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत से कई गुना अधिक बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। जब जागरूक नागरिकों द्वारा स्वयं मीटर रीडिंग का मिलान किया गया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। एक मामले में जहां उपभोक्ता को 22,000 रुपए का बिल दिया गया था, वहीं सही जांच के बाद बिल घटकर लगभग 10,000 रुपए रह गया। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव कुणाल दुबे ने विद्युत विभाग से मांग की है कि पूरे क्षेत्र के बिजली बिलों की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए, मीटर रीडिंग प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए तथा जिन उपभोक्ताओं को गलत बिल दिए गए हैं, उन्हें तुरंत संशोधित कर राहत प्रदान की जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।

## पायलट आज लेंगे मैराथन बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट शुक्रवार को कांग्रेस संगठन और विधायकों की मैराथन बैठक लेकर पार्टी का परफार्मेंस जांचेंगे। श्री पायलट गुरुवार देर शाम राजधानी पहुंचे। माना विमानतल पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में



शुक्रवार को सुबह 10 बजे प्रभारी सचिन पायलट की कांग्रेस विधायकों से चर्चा करेंगे। उनकी बैठक के बाद 12 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लेंगे। जिला अध्यक्षों के तीन माह का कामकाज पूरा होने पर उनके काम की समीक्षा करेंगे। जिला अध्यक्षों को पार्टी की आगामी कामकाज की रणनीति से अवगत कराएंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय का लक्ष्य देंगे। जिला अध्यक्षों की बैठक के बाद दोपहर 2 बजे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लेंगे। ब्लॉक अध्यक्षों से बूथ और वार्ड समितियों के गठन पर चर्चा करेंगे।

## जिला प्रशासन व अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से परीक्षा परिणामों में सुधार

**रायपुर।** रायपुर जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के शासकीय विद्यालयों के बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के उद्देश्य से जिला प्रशासन के नेतृत्व में तथा अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से "मिशन उत्कर्ष" का संचालन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिला कलेक्टर द्वारा किया गया, जबकि समन्वय और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला शिक्षा विभाग ने निभाई। पूर्व में रायपुर जिले की बोर्ड परीक्षा रैंकिंग लगभग 33वें स्थान के आसपास थी। इसे ध्यान में



रखते हुए एक डेटा-केंद्रित शैक्षणिक मॉडल तैयार कर जिले के 215 शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में लागू किया गया। इस पहल के तहत कक्षा 10वीं के लगभग 16,100 तथा कक्षा 12वीं के लगभग 13,000 विद्यार्थियों को शामिल किया गया। कार्यक्रम की निगरानी जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई, मिशन उत्कर्ष जिला प्रशासन और अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित एक ऐसी पहल है। जिसने रायपुर जिले में बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार की दिशा में ठोस आधार तैयार किया है और यह शैक्षणिक सहयोग के एक व्यावहारिक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है।

# पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अमय खुरासिया को मिली छग क्रिकेट की जिम्मेदारी, बने हेड कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को अब देश के श्रेष्ठ प्रशिक्षकों में से एक और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमय खुरासिया का मार्गदर्शन मिलेगा। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने राज्य की सीनियर टीम के विकास के लिए खुरासिया को बतौर मुख्य कोच अनुबंधित किया है। अमय खुरासिया क्रिकेट कोचिंग में बड़ा नाम हैं। उनके मार्गदर्शन में केरल की टीम ने 74 साल के रणजी ट्रॉफी इतिहास में पहली बार फाइनल तक का सफर तय किया था। वे 10 वर्षों तक मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन के मुख्य कोच भी रह चुके हैं। बीसीसीआई से लेवल-सी कोच की डिग्री हासिल करने वाले खुरासिया पिछले 23 वर्षों से निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### तैयार किए अंतरराष्ट्रीय सितारे

*खुरासिया ने अपनी कोचिंग के दौरान देश को कई बड़े खिलाड़ी दिए हैं। आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धमाल मचाने वाले रजत पाटीदार, वेंकटेश अय्यर और तेज गेंदबाज आवेश खान जैसे खिलाड़ियों को शुरुआती दौर में खुरासिया ने ही तराशा है। वर्ल्ड कप 1999 के विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा 12 अंतरराष्ट्रीय वनडे और 119 प्रथम श्रेणी मैचों का विशाल अनुभव है। इंडिया-ए (सार्क टूर्नामेंट) और मध्य प्रदेश की रणजी टीम की कप्तानी की। है। अनुबंध के दौरान छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के निदेशक बलदेव सिंह भाटिया और विजय शाह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर खुरासिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी काफी प्रतिभाशाली हैं और वे इस नई चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं।*


























छ.ग. पी.डी.एस. संघ रायपुर की ओर से
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
(सांसद- लोकसभा रायपुर)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जीवेत शरदः शतम्
01 मई
नरेश बाफना
अध्यक्ष, छ.ग. पी.डी.एस. संचालक संघ
विनय बजाज
धीरेन्द्र वर्मा
मुन्ना भैय्या
अभिषेक महाकालकर
प्रहल्लाद यादव
अज्जू भाई
विनीत: दीपक अग्रवाल,तनवीर शेख, रायपुर (छ.ग.)